पेज थ्री देहरादून

देहरादून, रविवार 22 मार्च, 2020

# हमारा दून



एफआरआई परिसर में सिलेंडर भरवाने के एकत्रित लोग।



## संक्षिप्त समाचार

### 9 पेटी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। तीर्थनगरी ऋषिकेश में शराब तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर शाम कोतवाली ऋषिकेश पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक शराब तस्कर शराब डिलीवरी हेतू आने वाला है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने सभी चेक नाकों पर चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को परशुराम चौक के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति दिखायी दिया।

### ऑल वेदर रोड के कटिंग कार्य के दौरान चट्टान के नीचे दबने से तीन लोगों की मौत

देहरादून **संवाददाता**। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चमोली के पास ऑलवेदर सड़क कटिंग के दौरान बड़ा हादसा हो गया। रोड कटिंग के दौरान चट्टान गिरने से निर्माण कार्य में लगे तीन मजदूरों की मौत हो गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं। इन दिनों चमोली के पास बदरीनाथ हाइवे पर चारधाम सड़क परियोजना का कार्य चल रहा है। 30 अप्रैल से भगवान बदरीनाथ की यात्रा शुरू होनी है। इसको लेकर निर्माणदायी संस्था पर समय से काम पूरा करने का दबाव है।

### एफआरआई परिसर में सिलेण्डर भरवाने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़

देहरादून **संवाददाता**। एफआरआई परिसर को लॉकडाउन करने के दूसरे दिन आज लोगों की खासी संख्या में भीड़ सिलेण्डर भरवाने के लिए लाइनों में खड़ी नजर आयी। प्रशासन द्वारा एफआरआई परिसर में लॉकडाउन का निर्णय तीन प्रशिक्षु अधिकारियों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि के बाद लिया गया था। एफआरआई स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के तीन प्रशिक्षु अधिकारियों में कोरोना वायरस की पुष्टि होने के बाद प्रशासन में हड़कंप फैल गया था। जिसके बाद बीते रोज जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया कि एफआरआई परिसर को लाकडाउन किया जाये।

### 25 मार्च से शुरू होगा विधानसभा सत्र

**संवाददाता** देहरादून। दून में विधानसभा के 25 मार्च से शुरू होने जा रहे सत्र से पहले कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं। सत्र के दौरान विधानसभा सदस्यों और आला अफसरों को छोड़कर बाकी कर्मचारियों व अन्य लोगों की संख्या को सीमित करने पर गंभीरता से विचार चल रहा है। सत्र के पहले दिन से ही विधानसभा के प्रवेश द्वारों में स्वास्थ्य जांचने की कड़ी व्यवस्था हो और ऐसे लोगों को परिसर में दाखिल न होने दिया जाए जिन्हें फीवर हो।

# तीन लाख से ज्यादा श्रमिकों को सहायता राशि

## इस राशि से सेनिटाइजर, मास्क आदि की व्यवस्थाएं जुटा सकेंगे श्रमिक

**निर्णय**

■ सन्निर्माण एवं कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के बैंक खातों में सोमवार से भेजी जाएगी पाच–पाच सौ रुपए की सहायता राशि

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तर प्रदेश की भाति उत्तराखंड सरकार ने भी निर्माण कायर्रों से जुड़े श्रमिकों को कोरोना वायरस से बचाव के मद्देनजर सेनिटाइजर, मास्क आदि की व्यवस्था के लिए पाच–पाच सौ रुपए की सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। श्रम मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत के अनुसार सन्निर्माण एवं कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत 3.32 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में सोमवार से यह सहायता राशि भेजी जाएगी। कोरोना वायरस का असर विभिन्न निर्माण कायर्रों में कार्य करने वाले श्रमिकों पर भी पड़ा है। इसे देखते हुए उप्र में पंजीकृत श्रमिकों को एक–एक हजार की सहायता राशि कोरोना वायरस से बचाव के मद्देनजर दी जा रही है। इसी कड़ी में अब उत्तराखंड ने भी कदम उठाया है।



श्रम मंत्री डॉ.हरक सिंह रावत ने सन्निर्माण एवं कर्मकार बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों को पाच–पाच सौ रुपये की सहायता राशि देने के प्रस्ताव पर शनिवार शाम को मुहर लगा दी। बाद में डॉ.रावत ने बताया कि डीबीटी के जरिए यह सहायता राशि बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों के बैंक खातों में भेजी जाएगी।

### जनता कर्फ्यू को सफल बनाने में सहयोग करें: मुख्यमंत्री

देहरादून **संवाददाता**। कोरोना के कारण उत्पन्न हुई आपात स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा जनता से सहयोग की अपील की गयी है। उनका कहना है कि कल जनता कर्फ्यू को सफल बनाने में सभी के सहयोग की जरूरत है। लोग सरकार द्वारा दी जा रही हिदायतों को समझें और सर्तकता बरतें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अपने स्तर से कोरोना से निपटने के लिए सभी अहतिहाती उपाय किये जा रहे हैं। लोगों को किसी भी बात को लेकर डरने की कोई जरूरत नहीं है। कोरोना से निपटने के लिए राज्य का स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से तैयार है। किसी चीज की कोई कमी नहीं है। सभी जरूरी सामान और सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

# उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं स्थगित

**निर्देश**

23 और 25 मार्च के चार पेपर स्थगित हुए हैं, जबकि 24 मार्च को कोई पेपर नहीं है

एक अप्रैल से होने जा रहे मुल्यांकन और रिजल्ट पर भी असर पड़ेगा

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को फिलहाल अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए ये कदम उठाया गया है। इसके आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। कोरोना वायरस का खौफ लगातार बढ़ता जा रहा है। उत्तराखंड में भी इसकी रोकथाम की कोशिशें जोरों पर है। इसके तहत उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटर कॉलेज की बोर्ड परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। 23 और 25 मार्च के चार पेपर स्थगित हुए हैं, जबकि 24 मार्च को कोई पेपर नहीं है। अग्रिम आदेश के बाद ही नई परीक्षा तिथि घोषित की जाएगी। परीक्षा में देरी से एक अप्रैल से होने जा रहे मुल्यांकन और रिजल्ट पर भी असर पड़ेगा।

बता दें कि एक मार्च से बोर्ड की इंटर की परीक्षा शुरू हुई थी। परीक्षाएं 25 मार्च को खत्म होनी थी। इस बीच कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए सीबीएसई की परीक्षा स्थगित होने के बाद उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा के भी स्थगित होने की संभावना बनी हुई थी।

आपको बता दें कि उन्नीस मार्च को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें बताया गया कि कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं प्रभावित हो रही हैं। इसको लेकर जनप्रतिनिधियों, केंद्र व्यवस्थापकों, छात्रों के अभिभावकों और कक्ष निरीक्षकों ने भी चिंता जताई। वहीं शनिवार को बोर्ड परीक्षाओं को अग्रिम आदेशों तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

शिक्षा मंत्री ने शनिवार सुबह विद्यालयी शिक्षा सचिव को परीक्षार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल उचित निर्णय लेने का आदेश दिया था। शाम को शासन की शिक्षा सचिव मीनाक्षी सुंदरम ने 23, 24 और 25 मार्च को होने वाली बोर्ड परीक्षा स्थगित करने का निर्देश जारी कर दिया।

23 मार्च को दसवीं का गणित और इंटर का संस्कृत और 25 मार्च को दसवीं में संस्कृत और इंटर में भूगोल विषय का पेपर प्रस्तावित था।

### एफआरआइ परिसर के परीक्षार्थियों को राहत

शासन ने कोरोना वायरस संक्रमण के चलते आइसोलेट किए गए एफआरआइ परिसर के निवासी उत्तराखंड बोर्ड परीक्षार्थियों की समस्या का भी समाधान कर दिया। आइसोलेशन में रहने के कारण परिसर में रहने वाले ये परीक्षार्थी शनिवार की बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाए थे। इन परीक्षार्थियों को इस परीक्षा में बैठने का दूसरा मौका मिलेगा। शिक्षा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक को आदेश जारी किया है। उक्त परीक्षार्थियों के लिए शनिवार को होने वाली परीक्षा दोबारा कराने के लिए बोर्ड सचिव को अधिकृत किया गया है।

### उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी नहीं होगा

परीक्षा स्थगित होने से एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक होने वाला मूल्यांकन भी स्थगित हो गया है। पेपर की नई तिथि जारी होने के बाद ही मूल्यांकन कार्य की तिथि भी जारी की जाएगी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर की सचिव नीता तिवारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा स्थगित कर दी गई है। नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी।

### विदेश व अन्य प्रदेशों से आ रहे सभी यात्रियों, पर्यटको को चिन्हित किया जाये: सीएस

क्वारेंटाइन मे रह रहे लोगों का निरन्तर फॉलो अप किये जाने के निर्देश

देहरादून **संवाददाता**। राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण एवं जनपदों में संदिग्ध मरीजों की स्थिति के बारे में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह द्वारा सभी जनपदों के जिला अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग की गई। मुख्य सचिव द्वारा जनपदों में एन्ट्री प्वाईंट पर बाहर से आ रहे यात्रियों एवं पर्यटको की स्क्रीनिंग किये जाने एवं संदिग्ध यात्रियों के बारे मे जानकारी प्राप्त की गई। उन्होने निर्देश दिये की विदेश या अन्य प्रदेशों से आ रहे सभी यात्रियों, पर्यटको को चिन्हित किया जाये और सूचना अपडेट रखी जाये ताकि स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। मुख्य सचिव ने होम क्वारेंटाइन मे रह रहे लोगों का निरन्तर फॉलो अप किये जाने के निर्देश दिये और कहा कि सभी जिला अधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी आइसोलेषन एवं क्वारेंटाइन फेसिलिटी पर उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता आदि व्यवस्थाओं का भी पूर्ण रूप से ध्यान रखें ताकि चिन्हित लोगों को उन स्थानों पर 14 दिनों तक रहने मे किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।